1. **रानीगंज कोलफील्ड ____________ में स्थित है।**
(A) पश्चिम बंगाल (B) मध्य प्रदेश
(C) झारखंड (D) ओडिशा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

2. **निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन खेतड़ी ताम्र शोधन संयंत्र के संदर्भ में सही नहीं है?**
(A) इसका एक गंधकीय तेजाब संयंत्र और उर्वरक संयंत्र भी है।
(B) यह एक एकीकृत तांबा खनन-सह-अयस्क शोधन संयंत्र है।
(C) यह मलंजखण्ड तांबा खदान से, तांबा अयस्क प्राप्त करता है।
(D) यह राजस्थान के बीकानेर ज़िले में स्थित है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

3. **निम्नलिखित में से कौन सी खारे पानी की मछली है?**
(A) रोहू (B) पर्च
(C) पॉम्पेनो (D) लॉच
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

4. **एक बल्लेबाज अपनी 17वीं पारी में 90 रनों का स्कोर बनाता है जिससे उसका औसत 3 बढ़ जाता है। 17वीं पारी के बाद उसका औसत ज्ञात कीजिए।**
(A) 42 रन (B) 44 रन
(C) 38 रन (D) 40 रन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

5. **श्री. धल्ल और श्री. हुसैन का आय का अनुपात 7 : 4 है और व्यय का अनुपात 2 : 1 है। यदि प्रत्येक ₹ 10,000 की बचत करते हैं तो श्री. धल्ल का व्यय है -**
(A) ₹75,000 (B) ₹60,000
(C) ₹65,000 (D) ₹70,000
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

6. **निम्नलिखित शब्दों के संधि-विच्छेद का अवलोकन कर सही युग्मों की पहचान कीजिए।**
**a. प्रत्येक = प्रति + एक** **b. निस्सार = निः+ सार**
**c. सदैव = सत् + ऐव** **d. अभ्युदय = अभि + उदय**
**e. मनोबल = मनो + बल**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त चुनें:**
(A) केवल a, b और d
(B) केवल a, b, c और d
(C) केवल c, d और e
(D) केवल c और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

7. **निम्नलिखित में सम्बन्ध बोधक अव्यय का एक प्रकार नहीं है-**
(A) कालवाचक (B) हेतुवाचक
(C) विरुद्धवाचक (D) दिशावाचक
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

8. **राजस्थान में कब प्रथम कृषि बजट अलग से पेश किया गया? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) 2023-24 (B) 2020-21
(C) 2021-22 (D) 2022-23
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

9. **मानव ABO रुधिर वर्गों के कितने जीन प्ररूप (जींनोटाइप) संभव हैं?**
(A) 8 (B) 4
(C) 6 (D) 3
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

10. **दो एक दूसरे के लम्बवत समतल दर्पण के बीच एक पैन को रखा जाता है। पैन की निर्मित प्रतिबिंबों की संख्या है:**
(A) 5 (B) 4
(C) 2 (D) 3
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

11. **मेजर शैतान सिंह भारतीय सेना की किस रेजिमेंट के थे?**
(A) कुमाऊँ रेजिमेंट (B) डोगरा रेजिमेंट
(C) बिहार रेजिमेंट (D) मद्रास रेजिमेंट
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

12. **नीचे दो कथन दिए गए हैं:**
**कथन (I): आज़ादी से पहले राजस्थान के कृषि आंदोलनों का नेतृत्व गैर-किसानों ने किया था।**
**कथन (II): गंगानगर क्षेत्र के आंदोलन का नेतृत्व एक कम्युनिस्ट नेता वाई. एन. हांडा के द्वारा किया गया।**
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें।**
(A) कथन (I) गलत है लेकिन कथन (II) सही है।
(B) कथन (I) और कथन (II) दोनों सही हैं।
(C) कथन (I) और कथन (II) दोनों ही गलत हैं।
(D) कथन (I) सही है लेकिन कथन (II) गलत है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

13. **प्रसिद्ध सेला पास कहाँ स्थित है जो तवांग की सड़क से जुड़ता है?**
(A) मेघालय
(B) अरुणाचल प्रदेश
(C) सिक्कीम
(D) आसाम
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

14. **वायु गुणवत्ता सूचकांक (IQAir) के अनुसार, विश्व में 2023 में सर्वाधिक प्रदूषित शहर का दर्जा, किस शहर को दिया गया है?**
(A) बेगुसराय, भारत
(B) ढाका, बांग्लादेश
(C) पोखरा, नेपाल
(D) नई दिल्ली, भारत
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

15. **भारत के प्रथम चीफ ऑफ डिफेन्स स्टाफ (CDS) कौन थे?**
(A) जनरल के. एम. कैरियप्पा
(B) जनरल बिपिन रावत
(C) जनरल अनिल चौहान
(D) जनरल सैम माणेकशा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**16. Choose the most appropriate sequence of articles to complete the following sentence:**
**It is _________ pleasure to do __________ business with such _____ efficient organization.**
(A) a, _____, an
(B) ____, a, an
(C) ___, ____, an
(D) a, ____, ___
(E) Question not attempted **[B]**

**17. Choose the most appropriate passive form of the given sentence. I don't like people telling me what to do.**
(A) I don't like being told what to do by people.
(B) I don't like being told by the people what not to do.
(C) People are being telling me which I don't like
(D) I don't like what to do by the people.
(E) Question not attempted **[A]**

**18. 'उद्यम' में उपसर्ग है-**
(A) उत्
(B) उ
(C) उघ
(D) थम
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**19. 'वासुदेव' शब्द में प्रत्यय है-**
(A) व
(B) अ
(C) देव
(D) एव
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**20. निम्नलिखित में से कौन-से शब्द 'सुंदर' के पर्यायवाची शब्द नहीं हैं?**
**a. रुचिर** **b. कांता**
**c. चारु** **d. रमणी**
**e. रम्य**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) केवल d और a
(B) केवल a और b
(C) केवल b और d
(D) केवल c और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**21. नीचे दो कथन दिए गए हैं :**
**कथन - I : द्वन्द्व समास के दो पदों के बीच योजक चिह्न का प्रयोग होता है।**
**कथन - II : विस्मय, हर्ष, शोक, घृणा, प्रेम आदि भावों को प्रकट करने वाले शब्दों के आगे निर्देशक चिह्न का प्रयोग होता है।**
**उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें :**
(A) कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य है।
(B) कथन I और II दोनों सत्य हैं।
(C) कथन I और II दोनों असत्य हैं।
(D) कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**22. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य है-**
**a. आप यहाँ बैठो।**
**b. मैंने यह कहानी पढ़ी है।**
**c. वह वाराणसी से वापस लौट आया।**
**d. वह अनेक काम करता है।**
**e. यह तो मेरा पुस्तक है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें :**
(A) केवल a और e (B) केवल b और d
(C) केवल a और c (D) केवल c और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**23. संविधान के किस अनुच्छेद से हिंदी भाषा के विकास एवं प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक निर्देश प्राप्त होता है?**
(A) अनुच्छेद 363 (B) अनुच्छेद 243
(C) अनुच्छेद 351 (D) अनुच्छेद 281
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**24. निम्नलिखित में से किसे भारत में 'हरित क्रांति' का जनक माना जाता है?**
(A) सैम पित्रोदा (B) एम. एस. स्वामीनाथन
(C) वर्गीस कुरियन (D) हीरालाल चौधरी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**25. स्वतंत्रता के समय भारत की कितनी प्रतिशत जनसंख्या अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर थी? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) 60% लगभग
(B) 85% लगभग
(C) 75% लगभग
(D) 65% लगभग
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**26. "नीली क्रांति" संबंधित है: (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) दुग्ध उत्पादन से
(B) मछली उत्पादन से
(C) फल उत्पादन से
(D) फूल उत्पादन से
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**


**27. निम्नलिखित में से कौन सा प्रिंटर की किस्म नहीं है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) 3-डी प्रिंटर
(B) इंकजेट प्रिंटर
(C) डॉट सॉलिड प्रिंटर
(D) लैसर जेट प्रिंटर (Laserjet Printer)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**28. माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल का सूत्र ________ के साथ शुरू होता है।**
(A) | (B) .
(C) = (D) *
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**29. निम्न में से कौन सा एमएस ऑफिस (MS Office) का एक स्प्रेडशीट प्रोग्राम है?**
(A) एम एस एक्सेल (B) एम एस आउटलुक
(C) एम एस पावर प्वाइंट (D) एम एस वर्ड
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**30. इन शब्दों को वर्णानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए और मध्य शब्द ज्ञात कीजिए-**
**Electric, Elector, Elect, Election, Electrode**
(A) Elector (B) Electric
(C) Electrode (D) Election
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**31. नीचे दिए गए विकल्पों में से (?) स्थान के लिए संख्या का चयन करें।**




(A) 64 (B) 50
(C) 48 (D) 46
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**32. यदि Q का अर्थ " + ", J का अर्थ " x ", T का अर्थ " - " और K का अर्थ " ÷ " करना है, तब**
**30 K 2 Q 3 J 6 T 5 = ?**
(A) 28 (B) 103
(C) 35 (D) 38
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**33. निम्नलिखित में से कौन से राज्य में राजाजी टाईगर रिज़र्व स्थित है?**
(A) मध्य प्रदेश (B) उत्तराखंड
(C) राजस्थान (D) उत्तर प्रदेश
(B) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**34. सारिस्का नेशनल पार्क मुख्यतः किसके लिए प्रसिद्ध है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) साइबेरियन क्रेन (B) रॉयल बंगाल टाइगर
(C) ऐशियाटीक लायन (D) इण्डियन लेपर्ड
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**35. निम्नलिखित में से कौन सा कथन राजस्थान के सूखे टीक के जंगलों के संदर्भ में सही नहीं है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)-**
(A) टीक की लकड़ी व्यवसायिक रूप से उपयोगी है एवं इसका प्रयोग फर्नीचर बनानें, दरवाजों की चौखट, खिड़कियों और गृह निर्माण में होता है।
(B) ये जंगल, राज्य के दक्षिणी एवं दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में स्थित हैं।
(C) इन क्षेत्रों में वार्षिक वर्षा वृष्टि 150 से 200 सेन्टीमीटर तक होती है।
(D) सामान्यत इन वृक्षों की ऊँचाई 9 से 13 मीटर तक होती है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**36. निम्नलिखित में से किस निधि से सरकार के सभी व्यय किए जाते हैं और संसद के प्राधिकार के बिना इसमें से कोई राशि आहरित नहीं की जा सकती है?**
(A) निजी लेखा
(B) आकस्मिकता निधि
(C) समेकित निधि
(D) लोक लेखा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**37. करेवास ____________ है।**
(A) ट्रेकरों का एक समूह
(B) एक लोक नृत्य
(C) मरुस्थलीय भूमि
(D) हिमनदीय चिकनी मिट्टी की मोटी परत (निक्षेप)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**38. निम्नलिखित कथनों में से भारत के उत्तरी मैदानी क्षेत्र के संदर्भ में जो कथन सही नहीं है, उसकी पहचान कीजिए:-**
(A) खादर नई जलोढ़ मिट्टी की परत है।
(B) तराई एक संकरी पट्टी है जो शिवालिक तलहटी के समानान्तर या ढलान के टूटने पर 8-10 किमी पर फैली हुई है।
(C) तराई नई और पुरानी जलोढ़ मिट्टी की परत वाली पट्टी है।
(D) भांगर पुरानी जलोढ़ मिट्टी की परत है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**39. नीचे दो कथन दिए गए हैं:**
**कथन (1): राजस्थान में कंजर जनजाति अधिकतर कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़, भीलवाड़ा, उदयपुर, अजमेर और अलवर इलाकों में पाई जाती है।**
**कथन (II): कंजर जनजाति में, परिवार के प्रमुख को 'कोतवाल' के नाम से जाना जाता है।**
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें।**
(A) कथन (I) गलत है लेकिन कथन (II) सही है।
(B) कथन (I) और कथन (II) दोनों सही है।
(C) कथन (I) और कथन (II) दोनों ही गलत हैं।
(D) कथन (I) सही है लेकिन कथन (II) गलत है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**40. 2011 की जनगणना के अनुसार निम्न में से राजस्थान के किस ज़िले में महिला साक्षरता की दर सबसे कम है?**
(A) बाड़मेर (B) गंगानगर
(C) बाँसवाड़ा (D) जालौर
(E) अनुत्तरित प्रश्न [D]

**41. नीचे दो कथन दिए गए हैं:**
**कथन (I): लाल पीली मिट्टी सवाई माधोपुर, सिरोही, राजसमंद, उदयपुर और भीलवाड़ा ज़िलों के हिस्सों में पाई जाती है।**
**कथन (II): लाल पीली मिट्टी मूंगफली और कपास की खेती के लिए उपयुक्त है।**
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें।**
(A) कथन (I) गलत है लेकिन कथन (II) सही है।
(B) कथन (I) और कथन (II) दोनों सही है।
(C) कथन (I) और कथन (II) दोनों ही गलत हैं।
(D) कथन (I) सही है लेकिन कथन (II) गलत है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न [B]

**42. निम्नलिखित में से राजस्थान की किस झील में मंथा नदी विलय हो जाती है?**
(A) सांभर झील (B) पिचौला झील
(C) डीडवाना झील (D) आनासागर झील
(E) अनुत्तरित प्रश्न [A]

**43. उपयोगकर्ता द्वारा कम्प्यूटर पर निष्पादित किए जाने वाले विशिष्ट कार्यों में प्रयोग किए जाने वाले सॉफ्टवेयर का नाम क्या है?**
(A) एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर (B) ऑपरेटिंग सिस्टम
(C) युटिलिटी सॉफ्टवेयर (E) अनुत्तरित प्रश्न
(D) आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस [A]

**44. निम्नलिखित में से कौन सा ऑडियो फ़ाइल के वैध विस्तार के अनुरूप नहीं है?**
(A) .mp3 (B) .mid
(C) .wav (D) .rar
(E) अनुत्तरित प्रश्न [D]

**45. परिवर्तित कीजिए-**
**$(101110)_2 = (?)_8$**
**{आधार 2 से आधार 8}**
(A) $(20)_8$ (B) $(56)_8$
(C) $(48)_8$ (D) $(30)_8$
(E) अनुत्तरित प्रश्न [B]

**46. निम्नलिखित में से कौन सी रिट उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की जाती है, जो निचले अदालत के न्यायाधिकार क्षेत्र के अधिकार को रोकती है तथा जो उसके क्षेत्राधिकार में निहित नहीं है।**
(A) बंदी प्रत्यक्षीकरण (B) परमादेश
(C) उत्प्रेषण (सर्टिओरेरी) (D) प्रतिषेध
(E) अनुत्तरित प्रश्न [D]

**47. निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति करने के लिए गठित समिति में सम्मिलित नहीं है?**
(A) लोकसभा में विपक्ष के नेता
(B) प्रधानमंत्री
(C) भारत के मुख्य न्यायाधीश
(D) लोकसभा के अध्यक्ष
(E) अनुत्तरित प्रश्न [C]

**48. राज्य सूचना आयोग अपनी वार्षिक रिपोर्ट किसको प्रस्तुत करता है?**
(A) राज्य विधानमण्डल (B) राज्यपाल
(C) राज्य के उच्च न्यायालय (D) राज्य सरकार
(E) अनुत्तरित प्रश्न [D]

**49. अप्रैल 2024 में, निम्नलिखित में से किसके कारण सिएरा लिओन में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की गई?**
(A) राजनैतिक उथल-पुथल
(B) जोंबी मादक द्रव्य का दुरुपयोग
(C) खाद्यान्न की कमी
(D) बाढ़
(E) अनुत्तरित प्रश्न [B]

**50. सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण मंत्रालय द्वारा शुरू की गई श्रेष्ठ (SHRESHTA) योजना का ____________ के साथ सम्बद्ध है।**
(A) जनजाति (B) छात्रों
(C) किसानों (D) सेना कार्मिक
(E) अनुत्तरित प्रश्न [B]

**51. निम्नलिखित में से भारत में सर्वप्रथम किस राज्य में, सभी घरों में वर्षा जल संरक्षण संरचना को आवश्यक बना दिया गया है?**
(A) ओडिशा (B) राजस्थान
(C) गुजरात (D) तमिलनाडु
(E) अनुत्तरित प्रश्न [D]

**52. राजस्थान में खेती के क्षेत्र का लगभग_____प्रतिशत है। (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) 60% (B) 45%
(C) 51% (D) 55%
(E) अनुत्तरित प्रश्न [D]

**53. इंदिरा गांधी नहर का प्रारंभिक बिंदु किस राज्य में है?**
(A) उत्तर प्रदेश (B) हरियाणा
(C) पंजाब (D) राजस्थान
(E) अनुत्तरित प्रश्न [C]

**54. जवाहर सागर बांध निम्नलिखित में से किस नदी पर है?**
(A) चंबल
(B) सतलुज
(C) साबरमती
(D) बांदी
(E) अनुत्तरित प्रश्न [A]

**55. राजस्थान में कृषि क्षेत्र में पशु पालन का लगभग _____ हिस्से का योगदान है।**
(A) 1/5 वां (B) 1/4 वां
(C) 1/3 वां (D) 3/4 वां
(E) अनुत्तरित प्रश्न [*]

**56. नीचे दो कथन दिए गए हैं:**
**कथन (I): भारत की स्वतंत्रता से तुरन्त पहले, अंग्रेजी शासन द्वारा यह घोषणा की गई थी कि भारत पर उनके राज के समाप्त होने पर रजवाड़ों पर प्रभुत्व समाप्त नहीं होगा।**
**कथन (II): अंग्रेजी राज का यह नजरिया था कि रजवाड़े अपनी मर्जी से चाहे तो भारत या पाकिस्तान में शामिल हो जाएँ या फिर अपना स्वतंत्र अस्तित्व बनाए रखें।**
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें।**
(A) कथन (I) गलत है लेकिन कथन (II)सही है।
(B) कथन (I) और कथन (II) दोनों सही हैं।
(C) कथन (I) और कथन (II) दोनों ही गलत हैं।
(D) कथन (I) सही है लेकिन कथन (II) गलत है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न [A]

**57. नीचे दो कथन दिए गए हैं:**
**कथन (I): बैराठ, जयपुर जिले में स्थित है। यह विभिन्न युगों के दौरान एक बहुत ही विकसित स्थान रहा है।**
**कथन (II): यह महाभारत काल के दौरान मत्स्य क्षेत्र की राजधानी था। सम्राट अशोक के काल की शिला पट्टिकाएँ भी यहाँ मिली हैं।**
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें।**
(A) कथन (I) गलत है लेकिन कथन (II) सही है।
(B) कथन (I) और कथन (II) दोनों सही हैं।
(C) कथन (I) और कथन (II) दोनों ही गलत हैं।
(D) कथन (I) सही है लेकिन कथन (II) गलत है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न [B]

**58. सन् 1453 में, किसने मंदौर का मारवाड़ से कब्जा लिया था और अपने पुत्र रायमल का विवाह मारवाड़ की राजकुमारी से किया था?**
(A) महाराणा सिम्भा
(B) महाराणा कुम्भा
(C) महाराणा मोकल
(D) महाराणा लाखा
(E) अनुत्तरित प्रश्न [B]

**59. भारत के राष्ट्रपति द्वारा राज्य सभा में कितने सदस्यों (MP) को मनोनीत किया जाता है?**
(A) 10
(B) 12
(C) 6
(D) 18
(E) अनुत्तरित प्रश्न [B]

**60. लोकसभा अध्यक्ष किसी भी सदस्य को बोलने से रोक सकता है और दूसरे सदस्य को बोलने की अनुमति देता है। इस तथ्य को जाना जाता है -**
(A) यिल्डिंग द फ्लोर (B) मर्यादा (डेकोरम)
(C) क्रॉसिंग द फ्लोर (D) प्रश्न पूछना (इंटरपिलेशन)
(E) अनुत्तरित प्रश्न [A]

**61. निम्नलिखित में से 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन, 2023' की विषयवस्तु कौन सी है?**
(A) हमारे जल निकाय बचाओ हमारे ग्रह को बचाओ
(B) जल बचाओ - पृथ्वी बचाओ
(C) सभी के लिए पीने का पानी
(D) पेयजल के लिए स्रोत की निरंतरता (सस्टेनेबिलिटी)
(E) अनुत्तरित प्रश्न [D]

**62. फरवरी 2024 में किसे राजस्थान के महाधिवक्ता के रूप में नियुक्त किया गया है?**
(A) राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता (B) प्रवीर भटनागर
(C) एन. एम. लोढ़ा (D) राजेश कुमार गुप्ता
(E) अनुत्तरित प्रश्न [A]

**63. निम्नलिखित में से किस मंत्रालय द्वारा चलचित्र प्रक्षेपी (प्रमाणीकरण) नियम, 2024 लागू किया गया?**
(A) विधि और न्याय मंत्रालय
(B) कृषि मंत्रालय
(C) वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
(D) सूचना और प्रसारण मंत्रालय
(E) अनुत्तरित प्रश्न [D]

**64. नीचे दो कथन दिए गए हैं:**
**कथन (I) : सांसी एक घुमन्तू जनजाति है, जो कि मुख्यतः भरतपुर ज़िले में पाई जाती है।**
**कथन (II) सांसी जनजाति के बीजा और मावा दो वर्ग हैं।**
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें।**
(A) कथन (I) गलत है लेकिन कथन (II) सही है।
(B) कथन (I) और कथन (II) दोनों सही हैं।
(C) कथन (I) और कथन (II) दोनों ही गलत हैं।
(D) कथन (I) सही है लेकिन कथन (II) गलत है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न [B]

**65. नीचे दो कथन दिए गए हैं:**
**कथन (I): चम्बल परियोजना मध्य प्रदेश राज्य और राजस्थान राज्य की संयुक्त परियोजना है।**
**कथन (II): माही ऊर्जा परियोजना राजस्थान में उदयपुर के पास स्थित है।**
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें।**
(A) कथन (I) गलत है लेकिन कथन (II) सहीं है।
(B) कथन (I) और कथन (II) दोनों सही हैं।
(C) कथन (I) और कथन (II) दोनों ही गलत हैं।
(D) कथन (1) सही है लेकिन कथन (II) गलत है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न [D]

66. निम्नलिखित में से कौनी सी असंस्तरी मृदा समूह है?
(A) टुन्ड्रा मृदा (B) लेटेराइट मिट्टी
(C) अम्लीय मिट्टी (D) शैल मृदा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

67. निम्नलिखित में से कौन सी ताजा पानी की झील है?
(A) पचपदरा (B) सांभर
(C) उदेई सागर (D) डिडवाना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

68. Choose the most appropriate meaning of the idiom given below:
His eldest son, a spendthrift, is <u>a thorn in his side</u>.
(A) Is in a painful condition
(B) A constant source of annoyance to him
(C) An asset
(D) Having a disease
(E) Question not attempted **[B]**

69. Complete the given sentence by choosing the most appropriate response from the options given below:
He was reprimanded ____ his teacher for biting his nails.
(A) to (B) for
(C) by (D) in
(E) Question not attempted **[C]**

70. जब सरकार उसके द्वारा संग्रहित राजस्व के बराबर राशि व्यय करती है, उसे कहा जाता है:
(A) समान बजट (B) घाटे का बजट
(C) अधिशेष बजट (D) संतुलित बजट
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

71. निम्नलिखित में से कौन "रोजगार, ब्याज एवं मुद्रा के सामान्य सिद्धांत", पुस्तक के लेखक हैं जिसे 20वीं शताब्दी की सबसे अधिक प्रभावशाली पुस्तक माना जाता है?
(A) फ्रेडरिक हायेक
(B) रॉबर्ट लुकास
(C) जॉन मेयनार्ड कीन्स
(D) केन्निथ एरौ
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

72. _____ एक मेमोरी है जिसका प्रयोग आंकड़ों को अस्थायी रूप से संचयन के लिए किया जाता है, जबकि _____ का प्रयोग आंकड़ों के स्थायी संचयन के लिए किया जाता है, जो कि परिवर्तित या मिटाए नहीं जा सकते हैं।
(A) रैम, ऑपरेटिंग सिस्टम
(B) रैम, रोम
(C) रोम; रैम
(D) कम्पाइलर, रोम
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

73. कम्प्यूटर पद्धति का वह हार्डवेयर जिसका उपयोग बहारी दुनिया से सूचना प्रदान करने, आँकड़ों और सिग्नल को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है, वह कहलाता है – (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)
(A) टी. एफ. टी. मॉनिटर (B) आउटपुट उपकरण
(C) सेकण्डरी मेमोरी डिवाइस (D) कुंजीपटल एवं माउस
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

74. अरेखीय रीति में तत्वों के समूह के भंडारण के लिए किस प्रकार की अंकीय संरचना का प्रयोग किया जाता है?
(A) स्टैक (B) क्यू
(C) ट्री (D) एरे
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

75. किसी कूट भाषा में "FROZEN" को "OFAPSG" लिखा जाता है। तो उसी कूट भाषा में "MOLTEN" को कैसे लिखा जाएगा?
(A) OFPUMN (B) OFUMPN
(C) OFUPNM (D) OFUPMN
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

76. अजेय ने अपना कार्यालय छोड़ा और पूर्व दिशा में 5 किमी चला, फिर वह बाईं तरफ मुड़ा और अपने घर पहुंचने के लिए 12 किमी चला। राकेश जो उसी कार्यालय में में काम करता है, ने अपना कार्यालय छोड़ा और पश्चिम दिशा में 5 किमी चला और फिर वह बाई दिशा में मुड़ा और अपने घर पहुंचने के लिए 12 किमी चला। अजय और राकेश के घर के बीच की न्यूनतम दूरी क्या है?
(A) 17 किमी (B) 34 किमी
(C) 26 किमी (D) 24 किमी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

77. P, Q, R, S और T बेंच पर बैठे हैं और सबका मुख उत्तर की तरफ है। P, Q के साथ बैठा है. R, S के साथ बैठा है। S,T के साथ नहीं बैठा। T जो बैंच के बाएं सिरे पर है। R दाएं से दूसरे स्थान पर है। P, Q और T के दाएं बैठा है। P और R एक साथ बैठे हैं। P किसके ठीक बीच में बैठा है?
(A) R और T के बीच में
(B) Q और S के बीच में
(C) Q और R के बीच में
(D) S और T के बीच में
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

78. केले और नींबू के पेड़ की ऊंचाई समान है। आम का पेड़ आलूबुखारा के पेड़ से छोटा है। अमरूद का पेड़ आम के पेड़ से छोटा है पर केले के पेड़ से बड़ा है। सबसे बड़ा पेड़ कौन सा है ज्ञात कीजिए।
(A) आम का पेड़
(B) नींबू का पेड़
(C) अमरूद का पेड़
(D) आलूबुखारा का पेड़
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**79. आपको दिए गये कथनों को सत्य मानना हैं, भले ही वे सामान्यत ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हैं, तय करिए कौन-सा निष्कर्ष दिए गये कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।**
**कथनः कोई भी संख्या अंक नहीं है।**
**सभी अंक खंड हैं।**
**कुछ खंड पूर्णांक हैं।**
**निष्कर्षः I. सभी खंड कभी भी संख्याएं नहीं हो सकतीं।**
**II. कुछ पूर्णांक निश्चित रूप से संख्याएं नहीं हैं।**
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें।**
(A) न. निष्कर्ष I और न निष्कर्ष II अनुसरण करते हैं।
(B) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(C) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(D) दोनों निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**80. राजस्थान का कौन-सा मेला राजस्थानी जनजातियों का कुम्भ कहलाता है?**
(A) कपिल मुनि मेला
(B) बेणेश्वर मेला
(C) करणी माता मेला
(D) शीतला माता मेला
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**81. निम्नलिखित में से किसके शासनकाल में 'तमाशा' नामक लोक नाट्य शुरु किया गया? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) महाराजा जय सिंह (B) महाराजा प्रताप सिंह
(C) महाराजा सवाई सिंह (D) महाराजा मान सिंह
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**82. किस किले में किशोरी महल, महल खास, कोठी खास, जवाहर बुर्ज और फतेह बुर्ज स्थित हैं?**
(A) जूनागढ़ किला (B) लोहागढ़ किला
(C) जालौर किला (D) जयगढ़ किला
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**83. 'कलेजा बाँसों उछलना', मुहावरे के अर्थ का सबसे उचित विकल्प चुनिए-**
(A) श्रेष्ठ समझना (B) आश्चर्य करना
(C) संज्ञा शून्य होना (D) बहुत प्रसन्न होना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**84. निम्नलिखित में शुद्ध शब्द है-**
**a. कृप्या** **b. प्रयाय**
**c. नरक** **d. सदृश्य**
**e. कार्यक्रम**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) केवल a, c और e (B) केवल a और c
(C) केवल c और e (D) केवल a और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**85. स्वतंत्रता के समय राष्ट्र राज्य के निर्माण में भारत को निम्नलिखित में से किस प्रमुख चुनौती का सामना करना पड़ा?**
(A) प्रौद्योगिकी का निम्न स्तर
(B) निर्धनता
(C) संसाधन की कमी
(D) लोकतंत्र की स्थापना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**86. एक जन आधारित संगठन एम के एस एस (MKSS) की पहल पर अकाल राहत कार्य और मजदूरों के खातों की मांग का मुद्दा सर्वप्रथम किस राज्य में उठाया गया था?**
(A) राजस्थान (B) बिहार
(C) ओडिशा (D) उत्तर प्रदेश
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**87. 6 नवंबर 1943 को, जापानी प्रमुख तोजो ने घोषणा की, है। ये द्वीप कौन से थे? कि जापान ने कुछ द्वीपों को आजाद हिंद की अंतरिम सरकार को सौंपने का निर्णय लिया**
(A) मालदीव (B) कोको द्वीप
(C) लक्षद्वीप द्वीप (D) अंदमान और निकोबार द्वीप
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**88. नीचे दो कथन दिए गए हैं:**
**कथन (I): सन् 1893 में शिकागो में एक धार्मिक संसद का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद्र ने अपने विद्वता पूर्ण व्याख्यानों से उपस्थित लोगों के ऊपर गहरा प्रभाव डाला। उनके उद्घाटन भाषण के मुख्य बिंदु थे कि अध्यात्मवाद और भौतिकवाद के बीच एक स्वस्थ संतुलन की आवश्यकता है।**
**कथन (II): 1897 में उन्होंने राम कृष्ण मिशन की स्थापना की। मिशन धार्मिक और सामाजिक सुधार की बात करता है। वह एक महान मानवतावादी थे और उन्होंने रामकृष्ण मिशन, कृण्उपयोग मानवीय आधार पर राहत और सामाजिक कार्यों के लिए किया।**
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें।**
(A) कथन (I) गलत है लेकिन कथन (II) सही है।
(B) कथन (I) और कथन (II) दोनों सही हैं।
(C) कथन (I) और कथन (II) दोनों ही गलत हैं।
(D) कथन (I) सही है लेकिन कथन (II) गलत है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**89. यदि प्रति सिक्के का व्यास 2.5 सेमी और मोटाई 0.2 सेमी है तो एक लम्ब वृत्तीय बेलन जिसकी ऊंचाई 10 सेमी और व्यास 5 सेमी, को बनाने में कितने सिक्कों को पिघलाना होगा? इनकी संख्या ज्ञात कीजिए।**
(A) 250 (B) 50
(C) 100 (D) 200
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

90. एक आयताकार डिब्बे की लम्बाई, चौड़ाई और ऊंचाई क्रमश: 8 cm, 6 cm और 4 cm है। 6144 $cm^3$ आयतन के घन में कितने डिब्बे पैक (संकुलित) होंगे?
(A) 34 (B) 32
(C) 36 (D) 28
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

91. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प अन्य सभी से अलग है?
(A) (9,30,6) (B) (5, 18, 4)
(C) (9,22,2) (D) (7, 56, 4)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

92. सार्थक शब्द बनाने के लिए अव्यवस्थित अक्षरों को व्यवस्थित कीजिए और बने हुए शब्दों में से भिन्न शब्द का चयन कीजिए।
a. DIAFRY b. STEUDYA
c. DHAIOLY d. ANDMYO
(A) d (B) a
(C) b (D) c
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

93. C, A और B की माता है। यदि D.B का पति है तो C. का D से, क्या संबंध है?
(A) सास
(B) बहन
(C) मौसी/चाची
(D) माँ
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

94. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| रासायनिक पदार्थ | अनुप्रयोग / प्रयोग |
| a. ब्लीचिंग पाउडर | I. कांच का निर्माण |
| b. बेकिंग सोडा | II. दंत चिकित्सा |
| c. वाशिंग सोडा | III. पेय जल का शोधन |
| d. प्लास्टर ऑफ पेरिस | IV. अम्लनाशक |


नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें:
(A) a-II, b-IV, c-III, d-I
(B) a-I, b-III, c-IV, d-II
(C) a-III, b-IV, c-I, d-II
(D) a-IV, b-III, c-II, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

95. बहुचैनली टी.वी. कार्यक्रम, जिन्हें बिना किसी केबल-कनेक्शन के, घर पर, डिश एंटिना का प्रयोग करके, उपग्रह द्वारा सीधा देखना सम्भव है: (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)
(A) CDMA
(B) DNS
(C) DTH
(D) C-DOT
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

96. नीचे दी गई कौन सी घटना प्रकाश के अपवर्तन से संबंधित नहीं है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)
(A) एक लैंस द्वारा प्रतिबिंब का निर्माण (बनना)
(B) पानी से भरे बर्तन के तल पर रखा सिक्का ऊपर उठा हुआ प्रतीत होता है।
(C) सूर्योदय से पहले और सूर्यास्त के बाद सूर्य का दिखना
(D) स्पष्ट आकाश का नीला रंग
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

97. नीचे दी गई श्रेणी में प्रश्न चिन्ह के स्थान पर क्या आएगा?
MOUSE: KPSTC:: LIGHT: ?
(A) JGEFR (B) MJHIV
(C) JJEIR (D) MGHFV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

98. आकृति (i) और (ii) एक दूसरे से एक विशिष्ट तरीके से संबंधित हैं। आकृति (iii) और (iv) के बीच समान संबंध स्थापित करने के लिए आकृति का चयन करें जो प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर आएगी।




(i) (ii) (iii) (iv)

(A)  (B) 
(C)  (D) 
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

99. Change the direct speech into indirect speech by selecting the most tappropriate option:
He said, Tam quite a good cook and I do all my own washing and and mending too.'
(A) He said that he is quite a good cook and he did all his own washing and mending too.
(B) He said that he was quite a good cook and he did all his own washing and mending too.
(C) He informed that he is quite a good cook and he can do all his own washing and mending too.
(D) He said that he is quite a good cook and he does all his own washing and mending too.
(E) Question not attempted **[B]**

100. निम्नलिखित में से कौन सी भाषा प्रक्रियात्मक नहीं है?
(A) प्रोलॉग (B) फॉर्ट्रान
(C) कोबोल (D) पास्कल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**101. इंदिरा गांधी नहर निम्न में से किन नदियों पर बनाई गई है?**
(A) ब्यास एवं सतलुज (B) माही एवं चंबल
(C) सोन एवं बनास (D) साबरमती एवं पार्वती
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**102. राजस्थान राज्य भारत में कुल ऊन उत्पादन का लगभग ________प्रतिशत उत्पादन करता है।**
(A) 30 (B) 60
(C) 50 (D) 40
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**103. निम्नलिखित में से किसानों के लिए राजस्थान सरकार द्वारा प्रारम्भ किए गए मोबाइल एप्लीकेशन का नाम क्या है?**
(A) राज किसान जैविक ऐप (B) फार्मर्स ऑर्गेनिक ऐप
(C) किसान ऑर्गेनिक ऐप (D) राजस्थान फार्मर्स ऐप
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**104. भारत में मानव पूंजी निर्माण में कौनसी समस्यायें आ रही हैं?**
a. बढ़ती जनसंख्या b. प्रतिभा पलायन
c. अपर्याप्त जनशक्ति नियोजन d. निम्न शैक्षणिक मानक
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b, c और d सभी (B) केवल a और b
(C) केवल b और c (D) केवल a, b और c
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**105. _______राजस्थान की 'चौका प्रणाली' का मुख्य उद्देश्य है।**
(A) राजस्थान में भोजन प्रणाली का प्रबंधन करना
(B) मधुमक्खी पालकों को सहयोग करना
(C) पशु पालन को बढ़ाना
(D) पानी की कम उपलब्धता वाले क्षेत्रों में पानी के संसाधनों का प्रबंधन करना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**106. राजस्थान के थार रेगिस्तानी क्षेत्र में सामान्यतया ............ के लिए 'टान्का' एक परंपरागत तकनीक है।**
(A) कृषि औद्योगिक कार्य प्रणाली
(B) कृषि
(C) वर्षा जल संग्रहण
(D) पशु पालन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**107. नीचे दो कथन दिए गए हैं:**
**कथन - I : पत्र में मैत्रीपूर्ण भावना निहित होती है।**
**कथन - II: सरलता, संक्षिप्तता और सादगी को पत्र की शैली का गुण माना जाता है।**
**उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य है।
(B) कथन I और II दोनों सत्य हैं।
(C) कथन I और II दोनों असत्य हैं।
(D) कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**108. नीचे दो कथन दिए गए हैं:**
**कथन (I): भारत के लिये 1947 का वर्ष अभूतपूर्व हिंसा और विस्थापित किए जाने वाले अभिघात से भरा हुआ था।**
**कथन (II): 1947 में भारत का जन्म बहुत ही जटिल परिस्थितियों में हुआ था। कदाचित किसी भी अन्य देश का इतनी मुश्किल परिस्थितियों से सामना नहीं हुआ होगा जैसा भारत में हुआ था।**
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें।**
(A) कथन (I) गलत है लेकिन कथन (II) सही है।
(B) कथन (I) और कथन (II) दोनों सही हैं।
(C) कथन (I) और कथन (II) दोनों ही गलत हैं।
(D) कथन (I) सही है लेकिन कंथन (II) गलत है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**109. निम्नलिखित में से किस राज्य को असम में से अलग कर के बनाया गया था?**
(A) सिक्किम (B) त्रिपुरा
(C) मेघालय (D) मणिपुर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**110. नीचे दो कथन दिए गए हैं:**
**कथन (I):** फ्यूज को, परिपथ में, उपकरण के समानांतर रखा जाता है।
**कथन (II):** विद्युत परिपथ में, उपयोग होने वाला फ्यूज उपकरणों में से उच्च विद्युत धारा को प्रवाहित करके उनकी सुरक्षा करता है।
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें।**
(A) कथन (I) असत्य है, लेकिन कथन (II) सत्य है।
(B) कथन (I) और कथन (II) दोनों सत्य हैं।
(C) कथन (I) और कथन (II) दोनों ही गलत हैं।
(D) कथन (I) सत्य है, लेकिन कथन (II) असत्य है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**111. निम्नलिखित में से कौनसा एक भौतिक परिवर्तन है?**
(A) दही का जमना (B) भोजन पकाना
(C) फल का पकना (D) नमक का पानी में घुलना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**112. निम्नलिखित में से कौनसा कथन, राजस्थान के शरदीय मानसून के संदर्भ में सही नहीं है?**
(A) इस अवधि में कुछ हवाएँ भूमध्यसागरीय चक्रवातों के सम्पर्क में आने के बाद वर्षा लाती है।
(B) हिमालय के उत्तर में एक अत्यधिक विकसित दबाव केंद्र सर्दियों में वर्षा को प्रभावित करता है।
(C) समुद्री उच्च दबाव क्षेत्र से स्थलीय निम्न दबाव क्षेत्र की ओर हवाएँ चलने लगती हैं, जिससे वारिश होती है।
(D) स्थलीय उत्पत्ति के कारण हवाएँ शुष्क होती हैं, जिससे वर्षा प्रभावित होती है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**113. इन दो शहरों में जन्तर-मन्तर स्थित है- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**

(A) मथुरा एवं जोधपुर (B) जयपुर एवं दिल्ली

(C) दिल्ली एवं ग्वालियर (D) जयपुर एवं आगरा

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**114. "MATHEMATICAL" शब्द में यदि "MA" के स्थान पर 'N' लिखा जाए तो अक्षरों की संख्या में कितने प्रतिशत कमी आएगी?**

(A) $16\frac{4}{3}\%$ (B) 20%

(C) $16\frac{2}{3}\%$ (D) $15\frac{2}{3}\%$

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**115. 'A' ने 'B' को ₹ 600 दो वर्षों के लिए और 'C' को ₹ 200 चार वर्षों के लिए समान साधारण ब्याज पर दिए। दोनों से उसे कुल ₹ 100 ब्याज प्राप्त हुआ। ब्याज-दर ज्ञात कीजिए।**

(A) 8% (B) 10%

(C) 5% (d) 4%

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**116. जब एक वस्तु को ₹ 69.60 का बेचा जाता है तो 25% हानि होती है। वस्तु का लागत मूल्य रूपये में क्या है?**

(A) ₹ 90.20 (B) ₹ 92.80

(C) ₹ 88.80 (D) ₹ 94.80

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**117. Choose the most appropriate English translation of the given sentence:**
**आप बेवजह यहाँ बैठे हैं।**

(A) Without any reason, you should not sit here.

(B) For no reasons, you sit here.

(C) For no reasons, you are sitting here.

(D) You are unnecessarily sitting here.

(E) Question not attempted **[C]**

**118. Choose the most appropriate English word for-**
**न्यायिक निर्णय**

(A) Authorization (B) Decision

(C) Arbitration (D) Adjudication

(E) Question not attempted **[D]**

**119. Choose the *most appropriate* style of writing the subscription for a formal letter:**

(A) Yours' obediently (B) Your's obediently

(C) Your obediently (D) Yours obediently

(E) Question not attempted **[D]**

**120. निम्नलिखित में से किस किले को 'सोनार किला' या 'स्वर्ण किला' के नाम से जाना जाता है?**

(A) आमेर किला (B) जालौर किला

(C) गागरौन किला (D) जैसलमेर किला

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**121. राजस्थानी उपन्यास और नाटक के प्रथम लेखक कौन थे? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**

(A) देवी चरण भारतीय (B) शिव कुमार भारतीय

(C) शिव चन्द्र भारतीय (D) नेमी चरण भारतीय

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**122. अल्लाह जिलाई बाई, एक प्रसिद्ध लोक कलाकार हैं जो ________ के लिये जानी जाती हैं।**

(A) लोक नाटक

(B) कुर्जा गायन

(C) मांड गायन

(D) नृत्य

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**123. नीचे दो कथन दिए गए हैं:**
**कथन - I: 'ह' अनुनासिक वर्ण है।**
**कथन - II: 'उ' घोष वर्ण है।**
**उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य है।

(B) कथन I और II दोनों सत्य हैं।

(C) कथन I और II दोनों असत्य हैं।

(D) कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है।

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**124. 'AGENDA' निम्नलिखित में किस अर्थ में प्रयुक्त होने वाला शब्द है?**

(A) कार्य संपादन

(B) समर्थन

(C) कार्यवृत्त

(D) कार्यसूची

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**125. भारत में परिसीमन आयोग के संदर्भ में, निम्नलिखित सूचनाओं पर विचार करते हुए नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:**
**कथन (I): परिसीमन आयोग कानून 1952, 1962, 1971 और 2002 में सीमा निर्धारित करने या क्षेत्रीय विधानसभा की परिसीमा निर्धारित करने के लिए किया गया था।**
**कथन (II): इसके आदेशों को न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती है। उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें।**

(A) कथन (I) गलत है लेकिन कथन (II) सत्य है।

(B) कथन (I) और कथन (II) दोनों ही सत्य हैं।

(C) कथन (I) और कथन (II) दोनों ही गलत हैं।

(D) कथन (I) सत्य है लेकिन कथन (II) गलत है।

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**126. निम्नलिखित में से कौन राजस्थान के लोकायुक्त के न्यायाधिकार क्षेत्र में नहीं आते हैं?**
(A) जिला प्रमुख
(B) मंत्री
(C) मुख्यमंत्री
(D) राजस्थान राज्य के कानून द्वारा स्थापित सेवाओं के सदस्य
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**127. पुंछी आयोग (2010) निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**
(A) कर सुधार (B) केन्द्र राज्य संबंध
(C) मृत्यु दण्ड उन्मूलन (D) शिक्षा में सुधार
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**128. निम्नलिखित में से कौन, राजस्थान की प्रथम महिला उप-मुख्यमंत्री थीं?**
(A) वसुंधरा राजे (B) दिया कुमारी
(C) प्रतिभा पाटिल (D) कमला बेनीवाल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**Read the passage and answer the questions that follow: (Que No: 129 to 132)**

The end of human endeavour is happiness and contentment. The advancement of science has not been able to bring them about. On the other hand, it has made our lives complex and crooked. We can see with alarm the unending war which science is waging against literature and art. The realm of poetry is being conquered day by day. The soothing charms of Nature fly at the cold touch of science. What a solace was there in thinking of the silently shining stars, the blessed candles of the night! What comfort is now left to the average man to know that the stars are but so many burning suns and the rainbow of Wordsworth, at the sight of which his heart leapt up with joy, a prism of colours! The cheer and the charm are gone and the dull fact remains.

Science', observes G.B. Shaw, 'never solves a problem without creating ten more. But art and literature are themselves the solution to all our problems. All our worries leave us amid the Sounding cataracts of Wordsworth, the Skylark of Shelley and the Nightingale of Keats. They are a rest to the weary, an inspiration to the discouraged, sunshine to the sad, and Nature's best antidote for trouble.

**129. The cheer and the charm of all humans are gone because:**
(A) Science fails to bring them satisfaction as it has robbed nature of its charm
(B) Science solves all problems
(C) People don't enjoy Wordsworth, Shelley, and Keats
(D) Nature is the best antidote for trouble
(E) Question not attempted **[A]**

**130. Identify most incorrect option from the following:**
**Art and literature helps us:**
(A) to make material progress in life.
(B) to solve all our problems.
(C) to give rest to the tired and bored.
(D) to prevent ourselves from trouble.
(E) Question not attempted **[B]**

**131. The *most appropriate* meaning of the word 'solace' is;**
(A) Comfort in distress
(B) Effort
(C) Realm
(D) Contentment
(E) Question not attempted **[A]**

**132. Match List-I with List-II:**

| List-I Words | List-II Synonyms |
|---|---|
| a. Endeavour | I. Dishonest |
| b. Crooked | II. Anything that prevents |
| C. Cataracts | III. Effort |
| d. Antidote | IV. Water that falls |

**Choose the most appropriate answer from the options given below:**
(A) a-IV, b-III, c-I, d-II
(B) a-I, b-II, c-III, d-IV
(C) a-III, b-I, c-IV, d-II
(D) a-IV, b-I, c-III, d-II
(E) Question not attempted **[C]**

**133. रेड पाण्डा, निम्नलिखित में से किस संरक्षित जीवमण्डल का समूह है?**
(A) मन्नार की खाड़ी
(B) नन्दा देवी
(C) नोक्रेक
(D) डिब्रू-दिबांग
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**134. भारत में साइमन आयोग कब आया?**
(A) 1932
(B) 1925
(C) 1928
(D) 1930
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**135. हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम (HIMARS) का विकास किस देश द्वारा किया गया है?**
(A) चीन
(B) यू. एस. ए.
(C) जापान
(D) भारत
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**136. 1943 में इण्डियन नेशनल आर्मी में महिला रेजिमेंट की स्थापना किसने की थी?**
(A) सुभाषचंद्र बोस
(B) महात्मा गाँधी
(C) सरोजिनी नायडू
(D) जवाहरलाल नेहरू
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**137. 1859 में 'इन मेमोरियम' नामक पेन्टिंग किसके द्वारा बनाई गई थी?**
(A) जॉन कर्सिया
(B) जॉन बोर्कर
(C) जोसेफ नोल पेटन
(D) जॉर्ज पेटन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**138. 1952 में मुदलियार आयोग की स्थापना की गई थी: (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) स्वतंत्र भारत के लिए औद्योगिक नीति तैयार करने के लिए।
(B) केन्द्र और राज्यों के बीच संसाधनों के आवंटन का अध्ययन करने के लिए।
(C) भाषा के आधार पर राज्यों के पुनर्गठन की मांग का उनके मूल सिद्धांतों के आधार पर अध्ययन करने के लिए।
(D) माध्यमिक शिक्षा प्रणाली की स्थिति की जाँच के लिए।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**139. "खीर तैयार करने में आधा किलोग्राम दूध लग गया।" इस वाक्य में किस विशेषण का प्रयोग किया गया है?**
(A) सार्वनामिक विशेषण
(B) गुणवाचक विशेषण
(C) संख्यावाचक विशेषण
(D) परिमाणबोधक विशेषण
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**140. 'प्रियसखा' में कौन-सा समास है?**
(A) कर्मधारय (B) अव्ययीभाव
(C) बहुव्रीहि (D) द्वन्द्व
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**141. अगर किसी वस्तु को 11.2 km/s से अधिक वेग से पृथ्वी से ऊपर की ओर फेंका जाता है, तो वस्तु-**
(A) चंद्रमा के चारों ओर चक्कर लगाएगी
(B) अंतरिक्ष में चली जाएगी
(C) पृथ्वी के चारों ओर चक्कर लगाएगी
(D) पृथ्वी पर वापिस आ जाएंगी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**142. फुलेरीन का उपयोग कहाँ होता है?**
(A) जेवरात के निर्माण में
(B) प्राकृतिक गैस के शोधन में
(C) इलेक्ट्रोड के निर्माण में
(D) चट्टानों और पत्थरों को काटने में
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**143. एक अम्ल और क्षार के बीच अभिक्रिया कहलाती है:**
(A) वियोजन अभिक्रिया
(B) उदासीनीकरण अभिक्रिया
(C) उत्प्रेरक अभिक्रिया
(D) योगात्मक अभिक्रिया
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**144. Choose the *most appropriate* passive form of the given sentence:**
**I didn't realise that somebody was recording our conversation.**
(A) Our conversation was being recorded by somebody.
(B) Our conversation was being recorded and it wasn't realised.
(C) Somebody was recording our conversation was not realised.
(D) I didn't realise that our conversation was being recorded.
(E) Question not attempted **[D]**

**145. Identify the word that can best substitute the given expression:**
**A state of worry or géneral unhappiness.**
(A) Dystopia (B) Dyxpraxia
(C) Dysphoria (D) Dystrophy
(E) Question not attempted **[C]**

**146. Choose the most appropriate word to complete the given sentence:**
**If you .............. a skeleton in the cellar, don't mention it to anyone.**
(A) will be finding
(B) will find
(C) find
(D) founded
(E) Question not attempted **[B]**

**147. स्मारकों, स्थानों और कलात्मक वस्तुओं या ऐतिहासिक महत्व के स्थलों को सुरक्षित रखने के लिए उन्हें राष्ट्रीय महत्व का दर्जा दिया गया है यह भारतीय संविधान में निम्नलिखित में से किसमें सम्मिलित हैं?**

(A) न्यायिक पुनर्विचार
(B) राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत
(C) मौलिक कर्तव्य
(D) मौलिक अधिकार
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**148. भारत सरकार द्वारा ग्रामीण इलाकों में बैंकिंग संस्थानों की स्थापना करने के उद्देश्य हेतु 1982 में निम्न में से किस बैंकिंग संस्थान को प्रारम्भ किया था?**

(A) सिडबी
(B) नाबार्ड
(C) भारतीय रिजर्व बैंक
(D) सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**149. भारत सरकार के सांख्यिकी, योजना एवं कार्यक्रम कार्यन्वयन मंत्रालय के अधीन निम्नलिखित में से कौनसा संगठन रोजगार और गैर-रोजगार का पंचवर्षीय सर्वेक्षण करता है?**

(A) एसएसपी (SSP)
(B) एनएसएस (NSS)
(C) एनएसएसओ (NSSO)
(D) एनएसएसए (NSSA)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**150. किसी देश की कुल आय को उसकी कुल जनसंख्या से विभाजित कर प्राप्त होने वाले परिणाम को कहते हैं:- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**

(A) कुल आय
(B) राष्ट्रीय आय
(C) प्रति व्यक्ति आय
(D) सकल आय
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

♦♦♦♦